**भारत सरकार**

**वस्त्र मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1982**

**29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**ए ई पी सी द्वारा सिले-सिलाए वस्त्रों का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया जाना**

**1982. डा. के. पी. रामालिंगम:**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या यह सच है कि अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद (ए ई पी सी) ने इस वित्तीय वर्ष में 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्य के सिले-सिलाए वस्त्रों का निर्यात करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या यह भी सच है कि अपैरल उद्योग ने पिछले वित्तीय वर्ष में 13.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्य के तैयार वस्त्रों का निर्यात किया था; और

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)**

**(क) और (ख):** अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने वर्ष 2012-13 के लिए 18.00 बिलियन अमरीकी डालर मूल्य का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया है । प्रारंभ में वर्ष 2012-13 के लिए परिधान निर्यात हेतु 17 बिलियन अमरीकी डालर का लक्ष्य निर्धारित किया गया था । तथापि, परिषद ने विदेश व्यापार नीति के दिनांक 5 जून, 2012 के अनुपूरक में लागू की गई निर्यातोन्मुखी रियायतों को ध्यान में रखते हुए इस लक्ष्य को संशोधित कर 18.00 बिलियन अमरीकी डालर कर दिया है ।

**(ग) और (घ):** जी, हां । ब्रांड इंडिया टेक्सटाइल्स मेगा शोज़, क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन करके तथा उच्चस्तरीय मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेकर 13.11 बिलियन अमरीकी डालर मूल्य के सिले सिलाए परिधान निर्यात का लक्ष्य प्राप्त किया गया था ।

---